# बारिश से धान की फसल को भारी क्षति, किसानों के माथे में चिंता की लकीरें

## चार दिनों से सीधी जिले में बारिश का चल रहा दौर, जल्द मौसम खुलने का इंतजार कर रहे अन्नदाता

नवभारत न्यूज

**सीधी 29 अक्टूबर। जिले में चार दिनों से बारिश का दौर चलने से धान की फसल को भारी क्षति हो रही है। खासतौर से जो फसलें कटाई के बाद खेत या खलिहान में रखी हुई हैं। अन्नदाता मौसम खुलने के लिये इन्द्रदेव की प्रार्थना कर रहे हैं।**

दरअसल खरीफसीजन में रुक-रुक कर समयानुसार बारिश होने के कारण धान की फसल काफी बेहतर हालत में थी। किसानों में इस बात को लेकर काफी प्रसन्नता थी कि धान की पैदावार काफी अच्छी मिलेगी। सब कुछ ठीक-ठाक था। कुछ स्थानों धान के फसल की कटाई भी शुरू हो गई थी। अंतिम समय में चार दिनों से मौसम का मिजाज अचानक बदला और आकाश में घने बादल छा गये। जिसके बाद से ही बेमौसम बारिश होने की संभावना बन गई थी। आज चौथे दिन भी हल्की बारिश का दौर बना रहा। चार दिनों में कुछ स्थानों में तेज बारिश होने से धान की फसलों के खेतो में ही गिरने की खबरें हैं। कुछ किसानों की कटी हुई धान भी खेतों में रखी हुई हैं। मौसम विभाग द्वारा चार दिनों तक और बारिश होने की संभावना जताई गई थी। जिसके बाद से किसानों की चिंताएं बढ़ी हुई थी। सीधी जिले में चार दिनों से बारिश का दौर बना है और धान की फसल को भारी क्षति कुछ स्थानों में होने की खबरें हैं। चर्चा के दौरान कुछ किसानों का कहना था कि बेमौसम बारिश हो जाने के चलते धान की फसल को अभी कुछ क्षति हो रही है। यदि आगे



मौसम नहीं खुलता और बारिश होती है तो धान की फसलें पूरी तरह से तबाह हो जाएंगी। जिले में बेमौसम बारिश का दौर आगे भी जारी रहा तो धान की फसल को सर्वाधिक नुकसान होगा। मौसम विभाग द्वारा 29 अक्टूबर 2025 तक बारिश की संभावना जताई गई थी। जिले के काफी किसान धान के फसलों की कटाई कराने में जुटे हुये थे। कुछ धान की कटी फसलें खलिहान में पहुंच गई थी। वहीं काफी कटी फसलें खेतों में पड़ी हुइ हैं।

बेमौसम बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान धान की कटी फसलों को ही होना माना जा रहा है। कटी फसलों के गीली हो जाने के कारण उनको मौसम खुलने पर सूखाना जरूरी है, इसके बाद ही गहाई का कार्य होगा। यदि बारिश आगे भी हुई तो कटी हुई धान की फसलों में फफूंद लग जायेगा, जिसके चलते वह खराब हो जायेंगी। उधर जानकारों का कहना है कि सीधी जिले में कुछ स्थानों में जहां चार दिनों के अंदर तेज बारिश हुई है तो कुछ स्थानों में बारिश का दौर कम रहा। जिन स्थानों में तेज बारिश हुई है वहां धान की फसल को सर्वाधिक क्षति पहुंची है। इस तरह की स्थिति कुछ क्षेत्रों में ही सुनने को मिल रही है। अधिकांश किसानों को मौसम के खुलने का इंतजार है। जिससे धान की जो फसल कट चुकी है उसको सुखाकर सुरक्षित किया जा सके। बारिश के चलते धान के फसल की कटाई भी पूरी तरह से रुक गई है।

### देर रात हुई बारिश में चौगनहा गांव में धान की फसल जलमग्न

जिले के रामपुर नैकिन जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम चौगनहा में मंगलवार की रात हुई तेज बारिश से किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भर जाने से कई एकड़ फसल जलमग्न हो गई। ऐसे में किसानों को भारी क्षति पहुंची है। अचानक हुई भारी वर्षा के कारण कई खेतों में धान की फसल पूरी तरह से डूब गई। कुछ स्थानों पर कटाई के लिए तैयार धान की फसल पानी में गिर चुकी है। स्थानीय जीतेन्द्र कुमार बैस ने बताया कि उनकी करीब 8 एकड़ में खड़ी धान की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। लगातार बारिश से धान की बालियां पानी में डूब गई हैं। उनका कहना था कि काफी मेहनत करके लगाई गई धान की फसल पर पानी फिर चुका है। किसानों का कहना था कि खेतों में खड़ी धान की अधिकांश फसलें पकने को तैयार थीं जो बारिश और जल भराव के कारण भीगकर गिर गई हैं। खेतों में पानी भरे रहने से धान की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी।



## प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत आज आएंगे

**सीधी 29 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी म.प्र. के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निवर्तमान प्रदेश महामंत्री और रीवा संभाग के संभागीय संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत 30 अक्टूबर को सीधी आ रहे हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रमणि दुबे ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात श्री रावत के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुआई में शानदार स्वागत किया जाएगा। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष श्री रावत पार्टी द्वारा आयोजित मानस भवन में प्रात: 11 बजे जिला स्तरीय युवा सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके पश्चात सिंगरौली के लिए प्रस्थान करेंगे।




## सीधी को मिला क्लब फुट मुक्त जिला का पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**सीधी 29 अक्टूबर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबिता खरे ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जिला सीधी को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया गया है। यह उपलब्धि जिला सीधी द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 0-18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के लिए किए गए प्रयासों का परिणाम है।**

बताया गया कि जिला सीधी ने 31 मार्च 2025 तक 2-18 वर्ष तक के क्लब फुट से ग्रसित बच्चों की सर्जरी कराकर जिले को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित



किया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। मिशन संचालक डॉ.सलोनी सिडाना ने जिला सीधी की इस उपलब्धि की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिला सीधी द्वारा किए गए जागरूकता कार्यक्रम, समयबद्ध पहचान, समुचित उपचार और सतत निगरानी के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग बधाई के पात्र हैं। यह उपलब्धि न केवल अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत है बल्कि राज्य स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में भी एक उल्लेखनीय योगदान है। मिशन संचालक ने जिला सीधी को पुन: शुभकामनाएं दी हैं। डॉ.सलोनी सिडाना ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी जिला सीधी द्वारा इस तरह की पहल निरंतर जारी रहेगी।

## सूखा नाला सड़क अपनी दुर्दशा पर बहा रही आंसू, जमीन की हो रही कालाबाजारी : देवेन्द्र

नवभारत न्यूज

**सीधी 29 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, सीधी नगर पालिका परिषद के दो बार अध्यक्ष रहे देवेन्द्र सिंह मुन्नू ने स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत बनी सूखा नाला सड़क पर अपनी तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत विभिन्न कार्यों एवं सूखा नाला के सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ रुपए प्रदान किए थे किन्तु आज तक यह सड़क पूर्ण रूप से तैयार नहीं हो सकी।**

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू ने कहा कि राजस्व विभाग की मिलीभगत से सूखा नाला के किनारे निर्मित सड़क के शेष हिस्से और सरकारी जमीन में लोगों को



कब्जा करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। सूखा नाला की सड़क का मार्ग लगभग 100 फुट अभी शेष है। किन्तु इस मार्ग के पूर्ण न होने के कारण इस योजना का लाभ समग्र रूप से नगर वासियों को नहीं प्राप्त हो रहा है। श्री मुन्नू ने कहा कि यह सीधी नगर वासियों एवं मेरी महत्वाकांक्षी परियोजना थी कि सीधी एक मिनी स्मार्ट सिटी के रूप में डेवलप हो, जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वीकार करते हुए 28 जुलाई 2018 को स्वीकृति दी और 25 करोड़ का बजट भी आवंटन किया था। किन्तु मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अंतर्गत बनने वाली सड़क और सूखा नाला का सौंदर्यीकरण आज भी जनता जनार्दन के लिए एक स्वप्न की भांति है।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इस स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए हमने पार्टी नेताओं के साथ मिलकर लंबे समय तक कार्य किया। निविदा, टेण्डर व अन्य प्रक्रियाएं मेरे कार्यकाल में हुई किन्तु उसके बाद की व्यवस्थाएं मेरे बाद बने अध्यक्ष के कार्यकाल में हुई थी। उन्होंने जिला प्रशासन और नगर पालिका से तत्काल तत्काल हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सूखा नाला के सौंदर्यीकरण हेतु तत्काल कदम उठाएं और सड़क के किनारे हो रहे अतिक्रमण को तत्काल रोके, साथ ही बनी हुई सड़क की गुणवत्ता की भी जांच होनी चाहिए क्योंकि यह सड़क कई जगह से उखड़ रही है। स्ट्रीट लाइट भी बंद है।

### डैनिहा मार्ग गुणवत्ताविहीन, हो जांच

पूर्व नपा अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू ने कहा कि नगर पालिका की डैनिहा मार्ग लगभग एक करोड़ की लागत से बनाया गया था किन्तु गुणवत्ता विहीन होने के कारण वह सड़क टूटने लगी जिसके कारण आनन फानन में इस कंक्रीट सड़क का डामरीकरण कर दिया गया। डैनिहा मार्ग सहित अन्य नगर पालिका सड़क मार्ग में भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी भी कड़ाई से जांच होनी चाहिए।

## नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकास पर बैठक 3 नव. को

**सीधी 29 अक्टूबर।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने जानकारी दी कि ग्राम बाड़ीटोला तहसील गोपद बनास में चयनित एवं हस्तांतरित भूमि पर नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्टर सीधी की अध्यक्षता में 3 नवम्बर 2025 को कलेक्टर सभागार में टीएल बैठक के तुरंत बाद आयोजित की जाएगी। महाप्रबंधक ने संबंधित सभी अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों से उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

## खेल से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है : अखंड

नवभारत न्यूज

**कुसमी 29 अक्टूबर। जिले के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत अमरोला के अंतर्गत कुरचू गांव में आयोजित सरपंच कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन आज 29 अक्टूबर को संपन्न हुआ। यह टूर्नामेंट 23 अक्टूबर से प्रारंभ होकर पूरे एक सप्ताह तक रोमांचक मुकाबलों का साक्षी बना।**

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद सरई की अध्यक्ष अनुराधा सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसमी अखंड प्रताप सिंह तथा केशलार सरपंच सत्यनारायण



सिंह कार्यक्रम मे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरोला ग्राम पंचायत की सरपंच पार्वती सिंह ने की। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मुकाबला कुरचू और दुधियाटोला की टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दुधियाटोला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में कुरचू की टीम निर्धारित ओवरों में मात्र 36 रन ही बना सकी। इस प्रकार दुधियाटोला की टीम ने 24 रनों से विजयी बनकर सरपंच कप अपने नाम किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

इस अवसर पर सचिव लीलावती यादव, मोबेलाइजर अरुणा सिंह, रमाशंकर जायसवाल, रामजियावन गुप्ता, परमानंद बैस, दीपांजलि सिंह, आरती सिंह, रविनंदन रावत, शुक्रपाल सिंह, शिक्षक विवेक सिंह, विकास त्रिपाठी, सतेन्द्र कुमार, बुद्धसेन कोल, पवन वर्मा, आनंद बाजपे सहित सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम उत्साह, खेल भावना और सामुदायिक एकता का प्रतीक बना रहा।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण मिशन मोड में करें : संजीव झा

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि बीएलओ ऐप में हर मतदाता की जानकारी अपडेट कराएं

नवभारत न्यूज

**सीधी 29 अक्टूबर। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। म.प्र. के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी सभी बीएलओ एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रशिक्षण दें और बीएलओ ऐप के माध्यम से मतदाताओं से जुड़ी जानकारी अद्यतन कराएं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 में किए गए गहन पुनरीक्षण के आधार पर तैयार मतदाता सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बीएलओ आगामी 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 की अवधि में घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता की जानकारी गणना पत्रक में दर्ज करेंगे तथा उसकी एक प्रति मतदाता को प्रदान करेंगे। गणना पत्रक में मतदाता के पारिवारिक संबंध, निवास एवं अन्य विवरण दर्ज कर सत्यापन किया जाएगा। श्री झा ने निर्देश दिए कि गणना पत्रक पूरी सावधानी से भरें और वर्ष 2003 की मतदाता सूची के



डाटा से तुलना करें। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से लगभग 90 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन संभव होगा। इसके बाद बीएलओ मृत, स्थानांतरित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं का चिन्हांकन करें। जिन मतदाताओं का नाम देश के किसी अन्य मतदान केन्द्र की सूची में दर्ज है उनका भी सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन न हो पाने की स्थिति में 12 प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि बीएलओ प्रत्येक घर का कम से कम तीन बार भ्रमण करें, गणना पत्रक भरें और उसे बीएलओ ऐप में अपलोड करें। यदि किसी क्षेत्र से मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित शिकायत प्राप्त होती है, तो उसका तत्काल परीक्षण कर सही जानकारी जनसंचार माध्यमों से आमजन तक पहुंचाई जाए। श्री झा ने यह भी कहा कि गणना पत्रक के आधार पर प्रत्येक मतदाता का सत्यापन किया जाएगा और जिनका सत्यापन नहीं होगा, उनके नाम मतदाता सूची से पृथक किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जो युवा 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे फार्म-6 के माध्यम से अपना नाम जोड़ने हेतु आवेदन कर सकते हैं। कलेक्टरों को आगामी 3 माह तक गहन पुनरीक्षण कार्य को मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कलेक्टेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.पी.पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर विकास आनंद, उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आर.पी.त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी, तहसीलदार तथा मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, पूर्ण करें कार्य

नवभारत न्यूज

**सीधी 29 अक्टूबर। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी दी कि 27 अक्टूबर को आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर छात्र प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति कार्य की समीक्षा की गई।**

समीक्षा के दौरान जिले की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी एवं असंतोषजनक पाई गई, जिस पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों को 30 अक्टूबर 2025 तक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई, तो संबंधित एईओ एवं संस्था प्रमुखों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त एईओ प्रभारी, प्राचार्य हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय, तथा प्रधानाध्यापक शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर छात्र प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिन संस्था प्रमुखों की प्रगति अभी तक अत्यंत कम है या जिन्होंने निर्देशों के बावजूद कार्य में उदासीनता बरती है, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव संबंधित अधिकारी द्वारा इस कार्यालय को प्रस्तुत किया जाए।



## शिव मंदिर परिसर करौंदिया में विधि विधान से हुई छठ पूजा

नवभारत न्यूज

**सीधी 29 अक्टूबर। प्रेमनगर कॉलोनी सीधी स्थित शिव मंदिर परिसर में छठ मैया की विधि विधान से पूजा अर्चना कर व्रती महिलाओं द्वारा उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इस दौरान मुन्नी देवी, गीता सिंह, सिम्पी सिंह, पिंकी देवी सहित अन्य व्रतियो ने अलसुबह 4 बजे ही छठ घाट पर पहुंचकर वेदी बनाकर दीप प्रज्वलीत कर विधि-विधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत उगते सूर्य को अर्घ्य देने के उपरांत व्रत का पारण किया।**

निर्जला व्रतधारी महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर उदीयमान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही मंगलवार को चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो गया। सोमवार की सायं भी घाटों पर पहुंचकर व्रतियों ने अपने परिवार की कुशलता, सुख-शांति तथा प्रगति की कामना को लेकर सबसे पहले पूजा अर्चना कर अस्ताचलगामी भास्कर को सुपली में रखे ठेकुआ, आदी, मूली, गन्ना, मिठाई, अर्कपात, सिंघाड़ा और अन्य फलों के साथ पानी में खड़े होकर अर्घ्य दिया। घाटों पर भीड़ से बचने के लिए कुछ लोगों ने अपने घर पर ही घाट बनाकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। मंगलवार की सुबह सूर्योदय होते ही व्रतियों ने फलों व पकवानों के साथ अर्घ्य दिया व अपनी मनोकामना की। उसके बाद व्रतियों ने घर लौटकर पारण कर चार दिवसीय छठ महापर्व की पूर्णाहुति की। उदित सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती और उनके परिजन अलसुबह ही घाटों पर जमा होने लगे थे। इस दौरान महिलाओ ने छठ मईया की गीत उग हो सुरुज देव अर्घ्य के बेर... केलवा के पात पर उगले सूर्यदेव, कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय सहित व्रतियों के अनेक भक्तिमय गीतों से वातावरण भक्तिमय बन गया था। इस दौरान व्रतियो के परिजनो द्वारा आतिशबाजी की गई।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी हम सभी की है : अजय सिंह

## चुरहट विधानसभा में संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 29 अक्टूबर। चुरहट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में दाऊ साहब स्व.अर्जुन सिंह जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उनके पुण्य स्मरण से की गई।**

बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक अजय सिंह राहुल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। यह तभी संभव है जब हम सब मिलकर, विशेष रूप से गरीबों और वंचित वर्ग के लोगों



को साथ लेकर चलें। उनकी समस्याओं को समझें और सहयोग करें, क्योंकि समन्वय और संवेदनशीलता से आधी समस्याएं स्वयं सुलझ जाती हैं। श्री राहुल ने आगे कहा कि आगामी 4 नवम्बर से प्रारंभ होने वाले मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी सतर्कता से जुटें। सुनिश्चित करें कि किसी भी सही मतदाता का नाम सूची से न कटे और किसी गलत मतदाता का नाम जुड़ने न पाए, क्योंकि भाजपा कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम काटने का षड्यंत्र करेगी, उन्होंने यह भी कहा कि आज मैं जो कुछ हूं, वह आप सबकी बदौलत हूं। आज की इस बैठक में कुछ चेहरे ऐसे हैं जिन्होंने दाऊ साहब स्वर्गीय अर्जुन सिंह के साथ काम किया था। उनका परिवार आज भी कांग्रेस की शक्ति है और उनके अनुभव एवं सहयोग से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। बैठक में रामपुर नैकिन चुरहट हनुमानगढ़ के ब्लाक सेक्टर और मंडलम के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस संगठन प्रभारी शिव प्रसाद प्रधान ने की। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र भदौरिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामभिलास पटेल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रतीभान पटेल, कांग्रेस मीडिया प्रभारी सोमेश्वर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोनिका गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय, महिला कांग्रेस की श्रीमती शशिकला दुबे, किसान सभा अध्यक्ष प्रफुल्ल पाण्डेय, शंभू द्विवेदी, बैजनाथ सिंह, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, भारत सिंह, कमलेश्वर सिंह सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चुरहट में कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ

कार्यक्रम में इस अवसर पर विधायक अजय सिंह राहुल भैया ने चुरहट विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ शिव विद्यालय भवन के एक कक्ष में किया। उन्होंने कहा कि नए कार्यालय के खुलने से संगठनात्मक कार्यों में गति और सरलता आएगी, साथ ही यह कार्यालय जनसेवा का केन्द्र बनेगा।